www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

UPSC CSE 2017 MAINS PAPER 6 NOVEMBER 03, 2017 HINDI OPTIONAL PAPER - I QUESTION PAPER

# हिन्दी / HINDI

## प्रश्न-पत्र – I / Paper – I

## ( साहित्य ) / ( LITERATURE )

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : **तीन** घंटे* | *अधिकतम अंक : **250*** |
| *Time Allowed : **Three** Hours* | *Maximum Marks : **250*** |

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*कुल **आठ** प्रश्न हैं, जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं ।*

*उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*प्रश्न सं. **1** और **5** अनिवार्य हैं और शेष में से **तीन** प्रश्नों का उत्तर दिया जाना है, जिनमें प्रत्येक खण्ड में से कम-से-कम **एक** प्रश्न होना चाहिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न / भाग के अंक उसके सामने अंकित हैं ।*

*उत्तर **हिन्दी** (देवनागरी लिपि) में ही लिखे जाएँगे ।*

*जिन प्रश्नों के संबंध में अधिकतम शब्द संख्या निर्धारित है, वहाँ इसका अनुपालन किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के उत्तर की गणना संख्यात्मक क्रम में की जाएगी । यदि किसी प्रश्न को काटा नहीं गया, तो उस प्रश्न को गिन लिया जाएगा भले ही उसका उत्तर आंशिक तौर पर क्यों न लिखा गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका का कोई भी पृष्ठ अथवा पृष्ठ का भाग, जो खाली छोड़ा गया हो, उसे स्पष्ट रूप से काट दिया जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in **HINDI** (Devanagari Script).*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए :** *10×5=50*

(a) देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता *10*

(b) मध्यकाल में काव्य-भाषा के रूप में प्रयुक्त ब्रज की विशेषताएँ *10*

(c) उन्नीसवीं शताब्दी में खड़ी बोली की स्थिति *10*

(d) ख़ुसरो की काव्य-भाषा की मुख्य विशेषताएँ *10*

(e) अपभ्रंश की व्याकरणिक विशेषताएँ *10*

**Q2.** (a) रहीम की कविता की मार्मिकता पर प्रकाश डालिए। *20*

(b) हिन्दी के प्रचार-प्रसार के आन्दोलन में किन्हीं दो प्रमुख संस्थाओं के योगदान पर प्रकाश डालिए। *15*

(c) पश्चिमी हिन्दी की किन्हीं दो बोलियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए। *15*

**Q3.** (a) "हिन्दी में वैज्ञानिक लेखन की स्थिति अभी भी संतोषप्रद नहीं है" — इस कथन का सोदाहरण उत्तर दीजिए। *20*

(b) दक्खिनी हिन्दी का परिचय दीजिए। *15*

(c) हिन्दी की तकनीकी शब्दावली के निर्माण में आने वाली बाधाओं का वर्णन कीजिए। *15*

**Q4.** (a) राजभाषा के रूप में हिन्दी के प्रयोग की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालिए। *20*

(b) विश्व हिन्दी-सम्मेलनों की सार्थकता पर अपना मत व्यक्त कीजिए। *15*

(c) 'हिन्दुस्तानी' की पृष्ठभूमि का परिचय दीजिए। *15*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए :** *10×5=50*

(a) तुलसीदास की प्रासंगिकता *10*

(b) केशव की संवाद-योजना की विशेषताएँ *10*

(c) 'ब्राह्मण' पत्र के माध्यम से प्रताप नारायण मिश्र का हिन्दी-पत्रकारिता को प्रदत्त योगदान *10*

(d) हिन्दी रंगमंच : दशा, दिशा, सम्भावना *10*

(e) कृष्णा सोबती की कहानियाँ : कथ्य का वैविध्य *10*

**Q6.** (a) 'कामायनी' के आधार पर जयशंकर प्रसाद की सौन्दर्य-चेतना पर प्रकाश डालिए। *20*

(b) यशपाल की विचारधारा पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए। *15*

(c) 'मैला आँचल' के महत्त्व पर प्रकाश डालिए। *15*

**Q7.** (a) रामविलास शर्मा के आलोचना-कर्म की सीमाओं का वर्णन कीजिए। *20*

(b) मोहन राकेश के नाट्य-शिल्प की 'आधे अधूरे' नाटक के आधार पर समीक्षा कीजिए। *15*

(c) " 'तारसप्तक' का प्रकाशन हिन्दी कविता के इतिहास में एक ऐतिहासिक मोड़ था" — इस कथन का तर्कसंगत उत्तर दीजिए। *15*

**Q8.** (a) 'ललित निबन्धकार' के रूप में हजारी प्रसाद द्विवेदी की निबन्ध-कला का विवेचन कीजिए। *20*

(b) कांतिकुमार जैन के संस्मरणों के वैशिष्ट्य का निरूपण कीजिए। *15*

(c) " 'अज्ञेय' के यात्रा-वर्णन उनके व्यक्तित्व का दर्पण हैं" — इस कथन का सोदाहरण विवेचन कीजिए। *15*